# सराहनीय कार्य
## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस नोट दिनांक 16.08.2025**

**जनपद फिरोजाबाद से चोरी की गयी ट्रैक्टर-ट्रॉली को इटावा पुलिस द्वारा 01 अन्तर्जनपदीय चोर सहित किया गया गिरफ्तार,**

**कब्जे से जनपद फिरोजबाद से चोरी की गयी ट्रैक्टर-ट्रॉली की गयी बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 15/16.08.2025 की रात्रि को थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत विशाल होटल से बिजौली सर्विस रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान बिजौली की ओर से 01 ट्रैक्टर आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो ट्रैक्टर चालक द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को चालक सहित गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछ:-**

पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चालक से ट्रैक्टर-ट्रॉली के सम्बन्ध पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि यह ट्रैक्टर-ट्रॉली मैंने अपने साथी के साथ मिलकर 10-11 माह पूर्व जनपद फिरोजाबाद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मोहम्मदपुर लभौआ से चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद से जानकारी करने पर पाया गया कि **उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली की चोरी के सम्बन्ध में दिनांक 30.09.2024 को वादी अरविन्द कुमार की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 585/2024 धारा 305 बीएनएस थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत है।**

**उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 239/2025 धारा धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

**नोट:- अभियुक्त सुनील यादव निवासी नगला ठकुरी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. जुगेश उर्फ जग्गा यादव पुत्र अंग्रेज सिंह निवासी नगला वलुवा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद **उम्र करीब 42 वर्ष।**

**बरामदगीः-**

1. 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की सम्बन्धित **(मु0अ0सं0 585/2024 थाना शिकोहाबाद )**

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 239/2025 धारा धारा 317(2) बीएनएस थाना बकेवर जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहासः-**

**अभियुक्त जुगेश उर्फ जग्गा यादव**

1. मु0अ0सं0 439/2006 धारा 147/148/149/307(पु0मु0) भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 188/2007 धारा 147/148/149/307(पु0मु0) भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 73/2009 धारा 379/411 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 13/2013 धारा 392/411 भादवि थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद
5. मु0अ0सं0 41/2013 धारा 41/411 भादवि थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद
6. मु0अ0सं0 585/2024 धारा 305 बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. मु0अ0सं0 239/2025 धारा धारा 317(2) बीएनएस थाना बकेवर जनपद इटावा।

**पुलिस टीम-** उ0नि0 श्री विपिन मलिक थानाध्यक्ष बकेवर, विनय कुमार द्विवेदी, रामसनेही शुक्ला, हे0का0 जयपाल सिंह, हे0का0 संजीव कुमार, का0 रतन सिंह, का0 अभिषेक, का0 प्रमोद कुमार, मुनेश कुमार।